Printed Pages – 4

I-1091

M.A. (Previous) Examination, 2020

HINDI

Paper - III

(Aadhunik Gadya Sahitya)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

Minimum Pass Marks : 36

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

Q. 1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **30**

(क) आर्य्य ! संसार-भर की नीति और शिक्षा का अर्थ मैंने यही समझा है कि आत्म-सम्मान के लिए मर मिटना ही दिव्य जीवन है।

(ख) मेरी मण्डली की स्त्रियाँ पुरुषों की अपेक्षा अधिक सुखी थीं। बहुत छुटपन से ही मैं स्त्री का सम्मान करना जानता हूँ। साधारणतः जिन स्त्रियों को चंचल, कुलभ्रष्टा माना जाता है, उनमें एक दैवी शक्ति भी होती है, यह बात लोग भूल जाते हैं। मैं नहीं भूलता। मैं स्त्री-शरीर को देव-मन्दिर के समान पवित्र मानता हूँ।

(ग) जिस तरह मर्द के मर जाने से औरत अनाथ हो जाती है, उसी तरह औरत के मर जाने से मर्द के हाथ-पाँव टूट जाते हैं। मेरा तो घर उजड़ गया महतो, कोई एक लोटा पानी देने वाला भी नहीं।

(घ) मैं कभी-कभी सोचता हूँ, इंसान जिन्दा किसलिए रहता है– क्या उसे कोई और बेहतर काम करने को नहीं मिला ? हजारों मील अपने मुल्क से दूर मैं यहाँ पड़ा हूँ– यहाँ कौन मुझे जानता है। यहीं शायद मर भी जाऊँगा।.... एक अजनबी की हैसियत से परायी जमीन पर मर जाना काफी खौफनाक बात है।

(ङ) नील कमल की तरह कोमल और आर्द्र, वायु की तरह हल्का और स्वप्न की तरह चित्रमय! मैं चाहती थी उसे अपने में भर लूँ और आँखें मूँद लूँ।..... मेरा तो शरीर भी निचुड़ रहा है। माँ! कितना पानी इन वस्त्रों ने पिया है! ओह!

Q. 2. 'गोदान' के होरी का चरित्र-चित्रण कीजिए। **15**

अथवा

गोदान की ग्रामेतर कथा पर प्रकाश डालिए।

Q. 3. नाटकीय तत्त्वों के आधार पर मोहन राकेश के नाटक ''आषाढ़ का एक दिन'' की समीक्षा कीजिए। **15**

अथवा

'साहित्य की महत्ता' निबंध के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **20**

(i) 'चन्द्रगुप्त' नाटक की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'निराला' निबंध के आधार पर निराला के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(iii) गोदान के प्रमुख पात्र होरी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iv) पं. रामचन्द्र शुक्ल के निबंधों की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(v) 'आंचलिक उपन्यास' से आप क्या समझते हैं ?

(vi) भारतेन्दु युग की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

Q. 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **20**

(i) प्रेमचन्द का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ii) मैला आँचल का प्रकाशन किस वर्ष हुआ ?

(iii) ध्रुवस्वामिनी के नाटककार का नाम बताइए।

(iv) 'ग्यारह वर्ष का समय' के कहानीकार कौन हैं ?

(v) 'निपुणिका' किस उपन्यास की पात्र है ?

(vi) 'परिन्दे' कहानी के लेखक का नाम बताइए।

(vii) 'वापसी' किस कहानीकार की रचना है ?

(viii) जैनेन्द्र के दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ix) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किनकी रचना है ?

(x) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(xi) हरिशंकर परसाई किस साहित्यिक विधा के रचनाकार हैं ?

(xii) 'चंद्रमा मानसो जात' के निबंधकार का नाम लिखिए।

(xiii) 'मंत्र' किस कहानीकार की कहानी है ?

(xiv) हिन्दी की पहली कहानी का नाम लिखिए।

(xv) 'आवारा मसीहा' के लेखक का नाम बताइए।